दिन–सोमवार                                                                 दिनांक– 29 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                                         अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. तीसरे और चौथे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने झंझारपुर और बेगूसराय में चुनावी सभा को सम्बोधित किया।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडी अलायंस के नेताओं पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के बारे मे भ्रम फैलाने का लगाया आरोप।

03. पचीस मई को वाल्मिकीनगर, शिवहर, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण समेत आठ संसदीय क्षेत्रों में होने वाले छट्ठे चरण के मतदान को लेकर अधिसूचना जारी।

04. और, भीषण गर्मी और लू के कारण आम जनजीवन प्रभावित। तैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

—————————————————————

लोकसभा के तीसरे और चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। एनडीए और महागठबंधन के नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाएं और रोड शो कर रहे हैं।

—————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झंझारपुर और बेगूसराय में एनडीए उम्मीदवारो के पक्ष मे चुनावी सभा को सम्बोधित किया। श्री शाह ने लोकहा के नरहिया में आम सभा को सम्बोधित करते हुए आरोप लगाया कि लालू यादव बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते है

———बाईट———

श्री शाह ने बेगूसराय में भाजपा उम्मीदवार गिरिराज सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति के कारण ही कश्मीर में धारा तीन सौ सत्तर को समाप्त किया गया।

———बाईट———

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के बारे मे भ्रम फैला रहे है। श्री मोदी ने महाराष्ट्र के सोलापुर में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में कोई भी संविधान को न बदल सकता और ना ही आरक्षण समाप्त कर सकता है।

———बाईट———

————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव सरकारी नौकरी के बारे में लोगों को गुमराह कर रहे हैं। श्री कुमार ने कहा कि उनकी पहल से पाँच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है।

———बाईट———

————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि इस बार जनता चुनाव लड़ रही है। श्री यादव ने छपरा मे संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि देश की महान जनता महागठबंधन के उम्मीदवारों को जीताने का काम कर रही है।

———तेजस्वी—26 सें

वामपंथी दल सीपीआई, सीपीएम और माले के वरिष्ठ नेता भी अपने—अपने उम्मीदवारों के साथ इंडी गठबंधन की प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के लिए प्रचार में जूटे हुए हैं।

————————————————————————

लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने दावा किया की आम मतदाता महागठबंधन के प्रति उदासीन है। श्री पासवान ने पटना मे संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि महागठबंधन के नेता परस्पर विरोधी बयान दे रहे है।

———बाईट———

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने का काम शुरू हो गया। इस चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्र वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में पच्चीस मई को मतदान होगा। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि छह मई है। नामांकन पत्रों की जाँच सात मई को होगी। उम्मीदवार नौ मई तक नामांकन पत्र  वापस ले सकते है। मतदान पच्चीस मई को होगा।

———————————————————————————

पाँचवें और छट्ठे चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र भरने का काम जारी है। सारण से लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य और शिवहर से आनन्द मोहन की पन्नी लवली आनन्द ने आज नामांकन पत्र भरा। पूर्वी चंपारण से भाजपा के राधामोहन सिंह, वैशाली से लोजपा रामविलास की वीणा देवी और हाजीपुर से राजद के शिवचन्द्र राम ने पर्चा भरा। पाँचवे चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तीन मई है। वहीं, छट्ठे चरण के लिए उम्मीदवार छह मई तक नामांकन पत्र भर सकते हैं।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन आज मुंगेर संसदीय क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया। इसके बाद पचपन उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गये हैं। उजियारपुर संसदीय क्षेत्र मे सबसे अधिक तेरह उम्मीदवार चुनावी मुकाबलें में है, जबकि दरभंगा मे सबसे कम आठ उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। समस्तीपुर और मुंगेर संसदीय क्षेत्र में बारह–बारह उम्मीदवार, वहीं, बेगूसराय संसदीय क्षेत्र में दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चौथे चरण का मतदान तेरह मई को है।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश इलाके भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, शेखपुरा, जमुई, बांका, गोपलागंज और खगड़िया जिले में कुछ स्थानों पर लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, शेष स्थानों पर गर्म दिवस को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार आगामी दो मई तक भीषण गर्मी से राहत के आसार नहीं है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान दक्षिण बिहार के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री से चौवालीस डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

---बाईट---

पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखुपरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। विभाग ने लोगों से दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। वहीं, चिकित्सकों ने गर्मी से बचाव के लिए सूती और हल्के रंग के ढीले-ढाले कपड़े पहनने का परामर्श दिया है। इस दौरान लोगों से लगातार पानी और स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ का सेवन करने की अपील की गयी है।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन- क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात समस्तीपुर लोकसभा सीट की। समस्तीपुर बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन-क्षेत्रों में से एक है, जहां चौथे चरण में तेरह मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट-

---बाईट---

इस बार समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र का राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह बदला हुआ है। लोक जनशक्ति पार्टी में हुई टूट के बाद प्रिंस राज अपने चाचा पशुपति कुमार पारस की राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी में चले गए। एन डी ए में सीट बंटवारे के तहत राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी को इसबार एक भी सीट नहीं मिली। समस्तीपुर सीट चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के खाते में गई। पार्टी ने यहां से जद यू नेता और राज्य सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, इंडी गठबंधन से कांग्रेस ने जद यू नेता और राज्य सरकार में मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी को टिकट दिया है। इस बार इस सीट की लड़ाई जद यू के दो कद्दावर नेताओं के संतानों के बीच है। मुकाबला काफी दिलचस्प होने की संभावना है। भौगौलिक दृष्टि से देखें तो समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से चार विधानसभा क्षेत्र समस्तीपुर और दो विधानसभा क्षेत्र दरभंगा जिले में आते हैं। दरभंगा जिले में आने वाले कुशेश्वर स्थान विधानसभा सीट पर जद यू जबकि हायाघाट पर भाजपा का कब्जा है। वहीं, समस्तीपुर जिले में आने वाले कल्याणपुर और वारिसनगर सीट पर जद यू और रोसड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं। समस्तीपुर विधानसभा सीट पर राजद का कब्जा है। चुनावी मुद्दों की बात करें तो कृषि प्रधान समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में उद्योग धंधों की स्थापना लोगों की पुरानी और प्रमुख मांग रही है। इसके अलावा रोसड़ा को जिला का दर्जा देना भी आम लोगों की एक प्रमुख मांग है। एन डी ए उम्मीदवार शांभवी चौधरी जहां केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जा रही हैं वहीं इंडी गठबंधन के उम्मीदवार सन्नी हजारी कांग्रेस के एजेंडे को लेकर मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

---

राज्य के अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्रों पर दस हजार एएनएम की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। मैट्रिक, इंटर और नर्सिंग के अंक के आधार पर अब एएनएम की बहाली होगी। पटना हाईकोर्ट की मुख्य खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद बिहार टेक्निकल सर्विस कमिशन द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया के लिए किए गए बदलाव को रद्द करते हुए अंक के आधार पर एएनएम की बहाली करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में एएनएम की बहाली पहले की तरह उनके द्वारा प्राप्त अंक के आधार पर होगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. तीसरे और चौथे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने झंझारपुर और बेगूसराय में चुनावी सभा को सम्बोधित किया।
02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडी अलायंस के नेताओं पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के बारे मे भ्रम फैलाने का लगाया आरोप।
03. पचीस मई को वाल्मिकीनगर, शिवहर, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण समेत आठ संसदीय क्षेत्रों में होने वाले छट्ठे चरण के मतदान को लेकर अधिसूचना जारी।
04. और, भीषण गर्मी और लू के कारण आम जनजीवन प्रभावित। तैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

समाप्त हुआ।